# रस्किन बॉन्ड को साहित्य अकादेमी की महत्तर सदस्यता अर्पित

12 मई 2024

नवभारत न्यूज



नई दिल्ली। साहित्य अकादेमी की प्रतिष्ठित महत्तर सदस्यता अंग्रेजी के प्रख्यात लेखक रस्किन बॉन्ड को प्रदान की गई। खराब स्वास्थ्य होने के कारण यह सदस्यता उनके मंसूरी स्थित घर पर साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने प्रस्तुत की। 19 मई 1934 को कसौली, हिमाचल प्रदेश में जन्मे रस्किन बॉन्ड पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से लेखन की दुनिया में सक्रिय हैं तथा आपने साहित्य की विभिन्न विधाओं में लिखा है।